## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : सावरवानी की महिलाओं ने बनाया अनूठा रिकार्ड, सावरवानी में दो साल में महिलाओं द्वारा पर्यटकों को बेचा गया एक हजार 350 किलो घी

# ग्रामीण महिलाओं को घर बैठे मिला रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण होम स्टे योजना ने ग्रामीणों के लिए स्वरोजगार के रास्ते खोल दिए हैं, जिसका फायदा महिलाओं को भी मिल रहा है। होम स्टे संचालन में महिलओं का पूरा योगदान है और पर्यटन ग्राम सावरवानी में महिलाएं शुद्ध देशी घी बेचकर हजारों रूपए कमा रही हैं। बीते दो सालों में सावरवानी में पर्यटकों को एक हजार तीन सौ पचास किलो घी बेचा जा चुका है, जिससे गांव में करीबन 11 लाख रूपए की आमदनी हुई है। यहां की महिलाएं अपने घर के आंगन में उगाए गए पपीते, खेतों में उगी सब्जियां और दाल बेचकर आत्मनिर्भर बनी हुई है।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा विकसित किए गए छिंदवाड़ा के सभी पर्यटन ग्रामों में महिला आत्मनिर्भरता के बेहतरीन उदाहरण देखने को मिल रहे हैं। सावरवानी में महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती हैं और पर्यटकों को दी जाने वाली सारी सुविधाओं, ग्राम की सफाई में भी उनका योगदान रहता है। यहां महिलाओं ने एक



नया कीर्तिमान शुद्ध देशी घी बेचकर रचा है। सावरवानी में महिलाएं सुबह-सुबह दूध से मखखन निकालकर और मख्खन से घी निकालने का कार्य करतीं हैं। घर के आंगन में बिल्कुल देसी अंदाज में पर्यटकों के सामने ही घी निकाला जाता है और कई बार पर्यटक भी इस प्रक्रिया का आनंद उठाते हैं।

सावरवानी के घी की धूम देश-विदेश में है, जिसका उदाहरण यहां हुई घी की बिक्री है। बीते दो सालों में श्रीमती चंद्रा बाई, श्रीमती शांति बाई, श्रीमती शारदा बाई, श्रीमती सरस्वती बाई, श्रीमती सिमिया बाई, श्रीमती राधा बाई, श्रीमती कला बाई ने पर्यटकों को एक हजार तीन सौ पचास किलो घी बेचा है। यह अपने आप में एक अनूठा रिकार्ड है। आठ सौ रूपए प्रतिकिलो के मान से बिके घी की कुल कीमत 01 लाख 80 हजार रूपए होती है। देश व प्रदेश से पर्यटन ग्राम सावरवानी घूमने आए कई आईएएस अधिकारी, दिल्ली-चंडीगढ़, महाराष्ट्र-गुजरात के व्यापारियों के साथ यहां आने वाले नौकरीपेशा पर्यटक खाने में घी मिलने पर इसके स्वाद को भूल नहीं पाए और कुछ मर्तबा ऐसा भी हुआ कि गांव में जितना भी घी था, पूरा ही खरीद कर ले गए। इसी से यहां घी की बिक्री का रिकार्ड बन गया है। इसके अलावा सावरवानी आने वाले पर्यटक यहां से घर के आंगन में उगाए गए पपीते और सब्जियां, लकड़ी के खिलौने भी खरीद कर ले जाते हैं, जो महिलाओं की देखरेख में उगाए व बनाए जाते हैं।

यहां उल्लेखनीय तथ्य यह भी है कि छिंदवाड़ा के पर्यटन ग्राम सावरवानी, चिमटीपुर, घटलिंगा में शत-प्रतिशत व अन्य गांवों सहित अधिकांश होम स्टे का रजिस्ट्रेशन महिलाओं के नाम पर किया गया है, जो महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण है।

### इनका कहना है

महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़-चढकर कार्य कर रहीं हैं। सावरवानी में शुद्ध देशी घी की बिक्री करके महिलाओं को अपनी व परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है। छिंदवाड़ा में महिला स्वसहायता समूह द्वारा शहद, महुआ कुकीज, महुआ लड्डू, चार चिरौंजी को बाजार में ऑनलाइन उपलब्ध करवाया गया है, जो आत्मनिर्भर महिलाओं की पहचान है।

**- शीलेन्द्र सिंह, कलेक्टर छिंदवाड़ा**

मध्य प्रदेश में सबसे अधिक होम स्टे छिंदवाड़ा में हैं और होम स्टे संचालन में महिलाएं बेहतरीन कार्य कर रहीं हैं। सावरवानी में महिलाएं जैविक खेती के माध्यम से उगाए गई दाल, फल व अपने हाथों से बनाए खिलौने की बिक्री करके स्वरोजगार से जुड़ रहीं हैं। यहां पर हजारों रूपए के शुद्ध देशी घी का अनूठा कारोबार करके महिलाओं ने प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

**- बिदिशा मुखर्जी, एएमडी, म.प्र. टूरिज्म बोर्ड**

## खबर संक्षेप

### 16 को धनोज कुनबी समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन



**सौंसर।** धनोज कुनबी समाज संगठन सौसर व्दारा आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन 16 मार्च को मां भगवती मंगल कार्यालय बोरगांव में संपन्न होगा। संगठन के अध्यक्ष युवराज वासाडे व्दारा एक प्रेस नोट जारी करते हुए बताया गया है कि इस वर्ष मध्य प्रदेश के पुर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,चंद्रपुर जिले कि सांसद महोदया प्रतिभा ताईं धानोरकर एवं छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहु, पुर्व राज्य शिक्षा मंत्री नाना मोहोड, सौसर विधायक विजय चौरे , राजुरा विधायक देवराव भोंगडे,वनी विधायक संजय देरकर, सुधाकर अडबाले विधायक विधान परिषद तथा अन्य समाज संगठन के अध्यक्ष,मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान सौसर क्षेत्र के धनोज कुनबी समाज के विशेष प्रतिभावान नागरिकों का छात्रों का सत्कार होगा। इस वर्ष महाराष्ट्र मध्यप्रदेश के समाज बंधु बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहने कि संभावना है। संगठन के पदाधिकारियों व्दारा हर गांव में सम्मेलन को लेकर बैठके लेकर आयोजन का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### डहरवाल कलार समाज ने किया बाविस्टाले का सत्कार

**सौंसर।** चमत्कारिक श्रीहनुमान मन्दिर संस्थान हनुमान लोक सावली,में नवनिर्वाचित प्रबंधक कार्यकारिणी मे सदस्य बनाने पर राजुजी बाविस्टाले का डहरवाल कलार समाज समिती सौसर द्वारा शाल श्रीफल देकर सत्कार किया गया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष आशीष लोनारे, संरक्षक राजु लोणारे, कोषाध्यक्ष प्रकाश लोनारे, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र लोनारे, उपाध्यक्ष किशोर बाविस्टाले, ,मनोज बाविस्टाले ,लक्ष्मीनारायण चौरागड़े तथा सदस्य गण उपस्थित थे। राजुजी बाविस्टाले ने कहा की मुझे जो जिम्मेदारी मिली हैं उसको मै निश्वार्थ भाव से तन मन धन से पूरा करने की कोशिश करूँगा।

## कक्षा 12वीं के 4 विषयों के प्रश्न पत्रों की परीक्षा का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा सत्र 2024-2025 के अंतर्गत 25 फरवरी 2025 से हायर सेकेण्डरी व हाई स्कूल परीक्षा 27 फरवरी से छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में स्थापित 162 परीक्षा केंद्रों पर प्रारम्भ हो चुकी है। जिसकी सतत मॉनीटरिंग कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार द्वारा की जा रही है। शुक्रवार को 110 परीक्षा केन्द्रों पर कक्षा 12वीं के 04 विषयों जियोग्राफी, क्रॉप प्रो. एण्ड हॉर्टिकल्चर, एनाटॉमी फिजियोलॉजी एण्ड हेल्थ एवं स्टील लाईफ एंड डिजाइन के प्रश्नपत्रों की परीक्षा सम्पन्न हुई। जिसमें कक्षा 12वीं में 5826 दर्ज विद्यार्थियों में से 5688 विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा 138 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 03 दिव्यांग विद्यार्थी शामिल हुये । जिला स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 15 तथा विकासखण्ड स्तरीय निरीक्षण दलों द्वारा किये गये निरीक्षणों की संख्या 44 रही। इस दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र पर नकल प्रकरण पंजीबध्द नहीं हुआ।

## बस में छूटे सोना चांदी के आभूषण, नगदी रुपए से भरा पर्स मिला वापस

**छिंदवाड़ा।** पुलिस कंट्रोल रुम छिन्दवाड़ा में मो.न. 9575344938 से कॉलर सतेन्द्र पिता राजकुमार बुंदेला उम्र 23 साल निवासी भगतसिंह वार्ड सिवनी ने फोन कर बताया कि मेरी पत्नी मोनिका पति सतेन्द्र बुंदेला उम्र 21 साल अपने मायके गनेशगंज से घर सिवनी, अरी रोड वेज की बस क्रमांक एमपी-31-एबी-1574 में बैठकर आ रही थी जो बस से जिला सिवनी बस स्टैण्ड में उतरकर अपने घर भगतसिंह वार्ड (सिवनी) आ गई घर में आकर देखा तो पर्स नही था, पर्स में सोने के 01 जोड़ी कान के झाले, 01 नग सोने का बच्चा का लॉकेट (हाय), बच्चा के हाथ के 01 जोड़ी चांदी के



कंगन, 01 जोड़ी चांदी की बिछिया एवं नगदी पैसे 320/- रुपये, कुल संपत्ति लगभग 40,000-50,000/- रुपये के रखे हुए थे, जो पत्नी ने बस में ही सीट पर भूलकर घर आ गई थी तब मैंने तत्काल सिवनी बस स्टैण्ड जाकर बस की जानकारी लिया तो पता चला कि बस सिवनी बस स्टैण्ड से छिंदवाड़ा के लिये निकल चुकी हैं जो रास्ते पर हैं, तब मैंने गूगल से छिन्दवाड़ा पुलिस कंट्रोल रुम का नंबर सर्च किया और फोन लगाकर पूरी बात बताई ।पुलिस कंट्रोल रुम द्वारा तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए सूचना तंत्र के माध्यम से बस के कंडेक्टर अरविंद भारद्वाज का मो.न. 8962356298 प्राप्त कर फोन में बात करने पर बस कंडेक्टर द्वारा बताया गया कि जिस सीट में महिला बैठी थी वहां कोई पर्स नही हैं, तब बस स्टाफ को कहा गया कि बस की बारीकी से चैकिंग करे तब उनके द्वारा बताया गया कि एक पर्स सीट के नीचे पड़ा हैं ऐसा कहने पर उन्हें उक्त पर्स को पुलिस कंट्रोल रुम छिन्दवाड़ा में लाकर जमा करने की हिदायत दी गई तब बस कंडेक्टर अरविंद भारद्वाज ने कंट्रोल रुम में पर्स लाकर जमा किया ।कॉलर सतेन्द्र बुंदेला को पुलिस कंट्रोल रुम उपस्थित होने हेतु कहा गया जो उपस्थित हुआ, पर्स में रखी संपूर्ण सामग्री चैक की गई जो पूर्ण रखी होना पाई गई । पुलिस टीम द्वारा पर्स को कॉलर सतेन्द्र बुंदेला को सौंपा गया।

## साइबर अपराधियों पर पुलिस का बड़ा खुलासा आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

थाना देहात पुलिस द्वारा सायबर ठगी कर आत्महत्या हेतु उत्प्रेरित करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। घटना का सक्षिप्त विवरण विवरण इस प्रकार है कि विनांक 19.11.24 को मृतक वामनराव पिता बारिक राव माहोरे उम्र 75 वर्ष सा. प्रियदर्शनी कॉलोनी की जहर सेवन से मृत्यु होने की सूचना प्राप्त होने पर मृतक की मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग क्र. 98/24 धारा 194 BNSS का कायम कर जांच में लिया गया, दौराने जांच साक्ष्यों के आधार पर मोबाइल नंबर +919109179453, +917576909168 के अज्ञात सिम धारक द्वारा मृतक स्व. श्री वामनराव माहोरे का फर्जी तरीके से अश्नील गतिविधियों में दिखाकर पैसों की मांग कर रूपये 95500/-रूपये ठगी एवं मोबाइल नंबर +919109179453, +917576909168 के द्वारा फर्जी अश्लील गतिविधियों में शामिल होने एवं उसे यू ट्यूब पर अपलोड करने की धमकी देकर अत्यधिक प्रताडित कर पैसे मांगना और लगातार पैसों की मांग कर प्रताडित करने के कारण मृतक वामनराव द्वारा आत्महत्या करना पाया गया। प्रकरण में आरोपी मो. न. 9109179453, 7576909168 के धारक द्वारा धारा 66 बी, 67 IT एक्ट धारा 308 (2), 108 BNS का अपराध पटित करना पाए जाने से अप.क्र. 549/24 कायम कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान उक्त मो.न. की जानकारी सायबर सैल से प्राप्त की गई। जो मामले के आरोपी हरियाणा, राजस्थान, बिहार के राष्ट्रीय स्तर के ठग गिरोह का होने से मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अवधेश प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक महोदय अजय राणा एवं थाना प्रभारी देहात के निर्देशन में टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार अथक प्रयाश कर आरोपी मोहम्मद युसूफ पिता कासम खान उम्र 26 साल निवासी पलवल हरियाणा एवं मन्नान पिता मोहम्मद हाकम उम्र 26 साल सा. ग्राम उटावर जिला पलवल हरियाणा को पकडा गया जिसे थाना देहात लेकर आया गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया एवं पटना में प्रयुक्त 03 मोबाईल पेश किए जिन्हें जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपीगणों को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है।

## विधायक को घर में घुसकर मारने के बयान पर कांग्रेस हुई आग बगूला

**सौंसर।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पर टिपण्णी एवं विधायक विजय चौरे को घर में घुसकर मारने की धमकी देने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर ने शुक्रवार को बेरडी रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से रैली निकालकर भाजपा सांसद के खिलाफ



जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। रैली के दौरान कांग्रेस नेताओं के द्वारा जगह-जगह पर नुक्कड़ संभाल लेते हुए भाजपा ओर सासद बंटी साहू को आड़े हाथों लिया। विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली थाने में पहुंची जहां पर तहसीलदार भावना मलगाम डीएसपी डी.हि नागर को पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सोपा गया। नुक्कड़ सभाओ को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेद्र यमदे,भागगवतराव महाजन,पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अशोक चौधरी,पुनाराम बाविस्टाले,विट्ठलराव गायकवाड,नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजय ठाकरे,महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष नेहा जोगी, जिला युवक कांग्रेस प्रभारी पंकज दातारकर,संजय चौरेकांग्रेस नेता डॉ राजेश सोमकुवर,सुनील तिवारी,दिलीप गुर्वे, जिला एनएसयूआई अध्यक्ष जिमी ताकभवरे ने संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अपने जीवन में छिंदवाड़ा जिले के विकास के साथ हजारों लोगों को रोजगार, छात्र-छात्राओं की फीस माफ,मरीजों को इलाज जीवनदान,रेमंड जैसी कई कंपनियां स्थापना आदिसैकड़ो सौगात छिंदवाड़ा जिले को दी।पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ समुद्र है और छिंदवाड़ा जिले का सांसद नदी भी नही है।

## अवैध रेत के कारोबार पर राजस्व और पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

ग्राम करहैया के पास कन्हान नदी से रेत निकाली जा रही थी। ग्रामीण अंचल के ग्राम करहैया में राजस्व और पुलिस की संयुक्त दबिश में एक ट्रैक्टर ट्राली समेत अवैध रेत का उत्खनन परिवहन करते धराया है। दमुआ नायब तहसीलदार राजीव नेमा हल्का पटवारी अंजना मसराम और पुलिस बल के साथ करहैया गांव के आसपास संगम बांध से संबंधित सर्वे कर रहे थे कि अचानक टीम को ट्रैक्टर की आवाज आई तभी टीम ट्रैक्टर की आवाज सुनकर नदी की ओर बढ़ी तभी अचानक पहुंची राजस्व और पुलिस टीम को देखकर अवैध रेत खनन और परिवहन करने वाले मजदूर और ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गये। नायब तहसीलदार राजीव नेमा ने मौके पर ही पंचनामा कार्रवाई कर ट्रैक्टर ट्राली को थाना परिसर में खड़ा करवाया है।

## संपर्क, संवाद, सत्कार और सहभोज का अनूठा संगम : सांसद

### सांसद ने कहा हमारा देश प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कर रहा चहुमुंखी विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिन्दवाड़ा विधानसभा के जमुनिया गांव में टिफिन पार्टी आयोजित की गई। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भोजन करते हुए संवाद भी किया। सांसद श्री साहू की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में संपर्क, संवाद, सत्कार और सहभोज का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यकर्ताओं के साथ एक पारिवारिक माहौल में संपर्क करना, उनका सत्कार करना और फिर उनसे संवाद कर उनके साथ भोजन करना बिरले नेताओं में ही देखने को मिलता है। लेकिन शुक्रवार को ऐसा ही नज़ारा देखने को मिला। अवसर था जमुनिया में आयोजित संवाद, संपर्क और टिफिन पार्टी कार्यक्रम का। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता अपने साथ घरों से टिफिन लेकर आये थे । इस मौके पर सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने सभी कार्यकर्ताओं का सत्कार किया और क्षेत्र के विकास को लेकर कार्यकर्ताओं से सार्थक चर्चा कर उनसे सुझाव लिए।

इस मौके पर सांसद श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर लगातार अग्रसर हो रहा है, वही लोकप्रिय मुख्यमंत्री श्री डॉ.मोहन यादव जी के अथक प्रयासों से प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर बढ़ रहा है। हम सभी का दायित्व है कि हम भी अपने क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील और सक्रिय भूमिका अदा करें।

उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भाजपा के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सतत संपर्क, संवाद उनका सत्कार और उनके साथ भोजन करना था। इस अवसर पर संवेदनशील सांसद ने कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया।

## सड़क की फुटकर दुकानों को 5 फिट पीछे करने हुए अन्य निर्णय

### नगरपालिका कार्यालय में योजना यातायात परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज नगरपालिका कार्यालय में योजना यातायात परिवहन एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की बैठक संपन्न हुई। इसमें गरीबी रेखा सूची में दर्ज परिवार के मुखिया की मौत होने पर मृतक की पत्नी अथवा पुत्र का नाम मुखिया के रूप में दर्ज करने हेतु प्रकरण को कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया।

तीन शेर चौराहे पर ट्राफिक सिग्नल लगाए जाने, एमपीएल शाला के सामने लगी फुटकर दुकानें तथा बस स्टैंड परिसर में रोड पर किनारे लगाई जाने वाली अस्थायी दुकानों को 5 फिट पीछे लगाए जाने हेतु कारवाई का निर्णय लिया गया। इससे इन दोनों परिसरों में बाइक एवं अन्य वाहनों को सडक किनारे खडे करने के लिए समुचित स्थान उपलब्ध हो जाएगा। इन सडकों पर शाला लगने एवं अवकाश के समय ट्राफिक पुलिस की तैनाती की मांग पुलिस विभाग से की जाएगी। संबल योजना में लाभार्थी की बैंक डीबीटी होने के बाद भी प्रकरण पोर्टल पर दर्ज ना होने बाबत आ रही तकनिकी समस्याओं का निराकरण जल्द किए जाने का निर्णय लिया गया।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत तिथि तय कर योजना का प्रचार प्रसार कर अधिकाधिक हितग्राहियों को लाभान्वित कराए जाने पर चर्चा हुई। कर्मकार कल्याण मंडल एवं संबल योजना, गुमास्ता लाइसेंस एवं श्रम विभाग के अन्य कार्यों हेतु श्रम पदाधिकारी छिंदवाडा को माह में दो दिन पांढुर्ना में उपस्थित रहने के लिए पत्र लिखे जाने का निर्णय लिया गया। आज की बैठक में नपा अध्यक्ष संदीप घाटोडे, सभापति योजना शाखा नलीनीताई केवटे, पार्षद महेंद्र घोडे, दुर्गेश उईके, प्रीती गिरारे, लोचन खवसे, मुख्य लिपिक युवराज मर्सकोले, योजना प्रभारी कैलाश बावनकर, निरीक्षक यातायात प्रभारी दुर्गा भुक्ते तथा पल्लवी रामटेके उपस्थित रही।

### जामसांवली ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाल शर्मा का किया सत्कार

**सौंसर।** बीते दिनों श्री चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी जामसांवली के हुये निर्वाचन में गोपाल शर्मा को सर्वसम्मति अध्यक्ष बनाये जाने पर शुक्रवार को ग्राम उटेकाटा की अखंड हरिनाम सप्ताह समिति द्वारा पुष्पहार पहनाकर एवं शाल श्रीफल से सत्कार किया। अवसर पर समिति के सुषील धुंडे, लक्ष्मण रूंघे, रत्नाकर बडवाईक, षषीकांत गुर्वे, विष्णू रूंघे, सरपंच राजु भानगे, भीमराव बडवाईक, दादु धुंडे, भोजराज नरांजे, अताउल्लाह खान, चोपदार रामेष्वर गुर्वे, रोषन धवले सहित वारकरी सम्प्रदाय के युवा उपस्थित थे।



### विधायक सोहन बाल्मीक के नेतृत्व में किया गया विरोध प्रदर्शन

## कांग्रेस ने फूंका प्रशासन का पुतला, प्रशासन को बताया भाजपा की कठपुतली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया कांग्रेस ने शुक्रवार को विधायक सोहन वाल्मीकि के नेतृत्व में प्रशासन का पुतला फूंका । साथ ही प्रशासन को भाजपा की कठपुतली बताया । मुख्य मंत्री कन्यादान योजना के अंर्तगत शुक्रवार 7 मार्च को होने वाला सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थापित होने का कांग्रेस ने विरोध किया। कांग्रेस ने स्टेशन रोड स्थित सिद्धेश्वरी मंदिर से रैली निकाली।



इस दौरान शासन , जिला और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की । गौरतलब है , कि मुख्य मंत्री कन्या दान योजना के तहत जनपद परासिया में 7 मार्च को सामूहिक विवाह / निकाह होना था । जिसके लिए जनपद पंचायत की ओर से सभी तैयारियां कर ली ग ई थी । लगभग 3 सौ जोडों ने विवाह के लिए पंजीयन भी करा लिया था , लेकिन अचानक कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया । जिसको लेकर कांग्रेस ने प्रशासन से कार्यक्रम स्थगित किए जाने का कारण जानना चाहा । कांग्रेस का आरोप है , कि प्रशासन ने बिना किसी ठोस कारण के कार्यक्रम स्थगित किया । जिससे हितग्राहियों क ई हितग्राही परेशानी में पड़ गए । इस मामले को लेकर कांग्रेस और जनपद प्रतिनिधियों के द्वारा 7 मार्च को ही विवाह कार्यक्रम कराने एस डी एम को पूर्व में ज्ञापन सौंपा था , साथ इसी तिथि को कार्यक्रम नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी थी । जिसके तहत शुक्रवार को पुनः कांग्रेस के सभी अनुयायी संगठनों ने विधायक सोहन वाल्मीकि नेतृत्व में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया ।

एसडीएम कार्यालय के सामने प्रशासन का पुतला जलाया । इस आंदोलन में कई वर - वधू भी शामिल हुए जिनकी आज शादी होनी थी ।

इस अवसर पर विधायक श्री वाल्मीकि ने कहा , कि स्थानीय और जिला प्रशासन भाजपा की कठपुतली बनकर काम कर रहा है । एक व्यक्ति विशेष के इशारे पर कार्यक्रम को स्थगित कर क ई गरीब परिवार जो इस कार्यक्रम में विवाह के लिए तैयारी कर चुके थे , उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया । एस डी एम को पुनः एक ज्ञापन दिया गया , जिसमें कहा गया , कि आगामी 13 अप्रैल को होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने में कांग्रेस पूरा सहयोग करेगी , लेकिन कार्यक्रम में प्रशासन निर्धारित गाईड लाईन और प्रोटोकाल का पालन नहीं करेगा तो विरोध किया जाएगा ।

कांग्रेस के इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष , उपाध्यक्ष , ब्लाक अध्यक्ष , चांदामेटा , बड़कुही और न्यूटन नपं अध्यक्ष , पार्षद , कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य सहित कांग्रेस के विधानसभा स्तरीय प्रभारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## गर्मी आने के पूर्व ही क्षेत्र में गहराया भीषण जल संकट

# नदी में सैकड़ों विद्युत मोटर पंप अवैध कनेक्शन, पेंच नदी सूखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



परासिया विकासखंड की पेच नदी जो साल भर अथाह जल के नाम से जानी जाती है लेकिन इस वर्ष अल्प वर्षा के कारण यह नदी पूरी तरह सूख चुकी है । सुखने का मुख्य कारण पेंच नदी में 500 से अधिक किसानो ने मोटर पंप का अवैध कनेक्शन लिए हैं , विद्युत वितरण कंपनी ने भी , आंख बंद कर कनेक्शन देने से यह स्थिति निर्मित हो रही है ।

कुआ के नाम से किसानो ने टी सी कनेक्शन जरूर लिया है , लेकिन वह नदी घाट में अपनी मोटर पंप चला रहे हैं । विद्युत वितरण कंपनी तीन या चार माह के लिए अक्टूबर नवंबर से टी सी कनेक्शन प्रदान किया है । अब मार्च माह आ जाने के बाद भी नदी से अवैध कनेक्शन नहीं हटाए गए हैं। जिससे अब लगभग 25 से 30 ग्रामों जो पेंच नदी की समीप बसे हुए हैं वहां के नागरिकों और पालतू जानवरों के लिए जल संकट गहरा गया है । आगामी समय इस क्षेत्र में भीषण जल संकट कै संकेत दिखाई दे रहे हैं । प्रशासनिक अधिकारी भी इस क्षेत्र में जल संकट को देखकर मूकदर्शक बना हुआ है । किसानो द्वारा रवि फसल की सिंचाई के लिए टीसी कनेक्शन लिए गए थे, लेकिन फसल पकने के बाद भी किसानों ने अपने टी सी कनेक्शन नहीं हटाए हैं । वहीं विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्क यंत्री श्री साहू ने बताया कि कनेक्शन दिए गए हैं , लेकिन नदी के नाम से नहीं दिए गए हैं अगर नदी का जलस्तर घट रहा है तो ऐसी स्थिति में इन कनेक्शन को हटाने की कार्रवाई की जाएगी ताकि क्षेत्र को पानी मिल सके।

### 25 से 30 ग्रामों के नागरिक के साथ पालतू जानवरों के लिए जल संकट

पेंच नदी के समीप बसे 20 से अधिक ग्रामों के नागरिकों के लिए पर्याप्त जल नहीं उपलब्ध हो रहा है,नदी का जल स्तर सूख जाने के कारण समीप के प्राकृतिक जल स्रोत भी सूख रहे हैं । ऐसी स्थिति में नागरिक पेयजल के लिए भटकते दिखाई दे रहे हैं , वहीं पालतू जानवरों के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं होने के कारण उनकी मौत होने की संकेत दिखाई दे रहे हैं ।

### सूख गए पेंच नदी के सभी स्टाप

पेंच नदी में निर्मित न्यूटन चिखली, परासिया जल आवर्धन योजना का स्टाफ डैम के अलावा मायावाड़ी का स्टाफ डैम भी सूखने की कगार में है, वही सिरगोरी खुर्द के समीप बना 2.50 करोड़ रुपए की लागत से बना स्टाफ डैम घटिया पटिया के कारण लीक हो चुका है, इस संबंध में ग्राम पंचायत की सरपंच चित्रा डेहरिया ने जल संसाधन विभाग को,अनेक बार इस स्टाफ डैम का निरीक्षण कर तकनीकी खामियों को दूर कर नयी पटियाा लगाने का निवेदन किया था लेकिन जल संसाधन विभाग ने सुध नहीं लिया । इस डैम में पर्याप्त जल संग्रहित नहीं होने के कारण आधा दर्जन गांवों के लोग भीषण जल संकट से गुजर रहे हैं ।

## कलेक्टर ने दिव्यांगजनों की सुगम्य भारत यात्रा को दिखाई हरि झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



आज कलेक्टर अजय देव शर्मा ने सुगम्य भारत यात्रा का शुभारंभ कलेक्टर परिसर में यात्रा को हरि झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर इस अवसर पर जनपद सीईओ प्रफुल लवाहे तथा बीईओ एचबी हांडे उपस्थित थे। यह यात्रा रिसोर्स सेंटर के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण जिला पांढुर्ना के तहत निकाली गई है। इसके बाद इस यात्रा ने एसडीएम कार्यालय पांढुर्ना, तहसील कार्यालय पांढुर्ना, जनपद कार्यालय पांढुर्ना, लोकसेवा केंद्र पांढुर्ना, जवाहर पार्क पांढुर्ना, जवाहर पार्क पांढुर्ना, नगरपालिका कार्यालय पांढुर्ना तथा शासकीय महाविद्यालय पांढुर्ना का भ्रमण किया। इस यात्रा में तिगांव की शासकीय संजय गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिगंव का भी विशेष योगदान रहा। नगर भ्रमण में दिव्यांग छात्र छात्राओं को कार्यालयीन कार्यप्रणाली एवं शसन द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से अवगत कराया गया। शासकीय महाविज्ञान पांढुर्ना में संचालित विषयों, खेल तथा क्रिडा विषयक जानकारी प्रदान की गई। साइंस कॉलेज में पदस्थ दृष्टिबाधित दिव्यांग सुनील बागडे बीए बीएड ब्रेल लिपि से अध्ययनरत है। इन्होंने दिव्यांग छात्र छात्राओं को मार्गदर्शन कर प्रोत्साहित किया।

## भारतीय जन औषधि केंद्र का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

आदिवासी विकासखंड तामिया के चावलपानी में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति परिसर में शुक्रवार को जन औषधि दिवस के खास मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, सहकारिता सभापति एवं समिति प्रशासक एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रशासक श्री आर.के. कामले जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की पहल पर जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष पूरे देश में 7 मार्च को जन औषधि दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका लक्ष्य लोगों को सस्ते मूल्य पर जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध करवाना हैं। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्र चांवलपानी में 1965 प्रकार की उच्च गुणवत्तायुक्त दवाईयां और 293 प्रकार के सर्जिकल उपकरण 50 से 90 फीसदी तक सस्ती कीमतों में लोगों को मुहैया करवाई जाएंगी। इस खास मौके पर जनपद सदस्य तामिया देवीसिंह पटेल एवं देवीसिंह उईके, टी. आर. मालवीय, कमलेश यादव, किशोरी लाल यादव, हेमंत चोकसे, लेखराम राय, दौलत पटेल, बेनी पटेल, जंगलसिंग बाड़ीवा, भगवानदास गुप्ता, श्रीमती द्रोपदी उईके, प्रवीण मालवी, हरिओम चोकसे, रमेश चोकसे, मूलचंद गुप्ता, संस्था प्रबंधक विनोद शर्मा एवं अन्य स्टॉप और अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# जल्द शुरू होगी मोहन कॉलरी और भारत ओपन कास्ट खदानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव/ छिंदवाड़ा पांढुरना में विकास की गति को रफ्तार देने के लिए सतत प्रयास कर रहे है। सांसद श्री बंटी विवेक साहू की पहल पर अब एक नई उपलब्धि हासिल हुई है। सांसद श्री साहू के प्रयासों से कोयलांचल क्षेत्र में फिर से रौनक लौटने वाली है। कोयलांचल क्षेत्र में बेरोजगारी की समस्या के निदान के लिए श्री साहू सतत प्रयास कर रहे हैं। इन्हीं प्रयासों का नतीजा है कि अब नई खदानें मोहन कॉलरी मोआरी खदान और भारत ओपन कास्ट खदानें जल्द शुरू होगी।इसके लिए वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। दरअसल पिछले दिनों सांसद श्री बंटी विवेक साहू ने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय कोयला मंत्री श्री जी किसन रेड्डी एवं केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव से मुलाकात कर नई खदानों को मंजूरी दिलाने का आग्रह किया था। इसी परिपेक्ष्य में दिल्ली में 5 मार्च को वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय एफएसी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मोहन कॉलरी मोआरी खदान और भारत ओपन कास्ट खदानों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के बाद वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दोनों ही खदानों के लिए प्रथम चरण की स्वीकृति हेतु कुछ शर्तों के साथ अनुशंसा कर दी है। जिसके पश्चात खदानों को संचालित किया जा सकेगा। कोयलांचल क्षेत्र में लंबे समय से खदानें खोलने की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा होती रही है।सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा खदानों को खोलने के लिए लगातार प्रयास किये गए। इसी का परिणाम है कि इन दोनों खदानों को खोलने के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है।

### मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार, सैंकड़ों लोगों ने उठाया भंडारे का लाभ

**परासिया** : परासिया थाना परिसर में भगवन भोलेनाथ के मंदिर का जीर्णोद्धार कर नई प्रतिमा स्थापित की गई । इस अवसर पर विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न हुए । शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया । जिसमें पुलिस अधीक्षक सहित क ई पुलिस अधिकारी , कर्मचारी , जन प्रतिनिधियों आदि ने भंडारे का लाभ लिया । परासिया एस डी ओ ( पुलिस ) जितेन्द्र सिंह जाट के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया गया ।



### महिला सशक्तिकरण कार्यशाला आज

**परासिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को ग्राम पंचायत भमोडी द्वारामहिला सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि शिव मंदिर परिसर मे मे चार सत्र मे आयोजित कार्यशाला मे महिला स्वास्थय, जागरूकता विषय पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डा कमलतारा तथा शासकीय चिकित्सक डा स्मृति चौरसिया द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। महिला अपराध, कानूनी सरंक्षण, अधिकार विषय पर एडवोकेट स्नेहलता राय जागरूक किया जायेगा। महिला सायबर अपराध, सुरक्षा तथा बचाव के बारे मे सायबर एक्सपर्ट पूजा बरगट, अमीषा चंदेल एनआईआईटी द्वारा जानकारी प्रदान की जायेगी। महिलाओ के अधिकार, विधिक संरक्षण तथा स्वास्थय सुरक्षा संबंधित विषय पर तत्कालिक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से प्रोत्साहन पुरूस्कार दिया जायेगा। मेरी बात संवाद कार्यक्रम मे महिलाओ से संवाद कर उनकी ग्राम स्तरीय समस्याओ पर विचार विमर्श किया जायेगा। पंचायत स्तरीय महिला कर्मचारियो को सम्मानित किया जायेगा।

### युवा जागरूकता अभियान शुरू करने के लिए कराया पंजीकरण

**दमुआ।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत युवा जागरूकता अभियान शुरू करने तथा योग्य विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया गया।दमुआ शासकीय महाविद्यालय दमुआ में उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत एक नई केंद्रीय योजना है जिसकी घोषणा पिछले साल के बजट में की गई थी। भारत की शीर्ष 500 कम्पनियों में 12 महीने की वित्तीय लाभ सहित इंटर्नशिप, युवा जागरूकता अभियान शुरू करने तथा योग्य विद्यार्थियों का पंजीकरण जितेन्द्र दिवाकर द्वारा कराया गया।

### दमुआ कॉलेज में भारतीय ज्ञान परंपरा के अन्तर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर कार्यक्रम आयोजन

**दमुआ।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्रचार्य रश्मि दास जी के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत दिनांक 04/03/2025 को साइबर सुरक्षा विषय पर व्याख्यान व राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में संयोजक श्री राजकुमार कुशवाहा जी सदस्य सुषमा टांडेकर, डॉ विमल कुमार कौशले, श्री घनश्याम मालवीय जी डॉ दिलीप ढोबाले, डॉ सरीता पाल ,जितेन्द्र दिवाकर , राजेश भाटिया डॉ राजेश लोखंडे एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।

### कोचेवाही स्टेट बैंक में मनाया गया महिला दिवस



**वारासिवनी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय मंडला के अंतर्गत आने वाली ग्रामीण शाखा भारतीय स्टेट बैंक कोचेवाही में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर शाखा में आने वाली महिला उपभोक्ताओं को उपहार व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। उसके बाद सभी महिला उपभोक्ताओं को महिला दिवस की शुभकामनाएँ व बधाई देकर उन्हें गन्ने का जूस पिलाया गया और चॉकलेट भेंट की गई। इस अवसर पर बैंक का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## जिला आबकारी अधिकारी सर्वोच्च न्यायालय को कर रहे गुमराह

# लांजी में मुख्य मार्गों और प्रमुख मार्गों पर चल रही शराब दुकान

### *मामले की उच्च स्तरीय जांच हो मुख्यमंत्री मोहन यादव दें इस्तीफा: पूर्व विधायक किशोर समरीते*

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी तहसील में चल रही शराब दुकानों के ठेकेदारों के द्वारा अपने मनमर्जी एवं दबंगई से शराब दुकानों का संचालन किया जा रहा है। लांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक किशोर समरीते एवं लांजी क्षेत्र में जिला आबकारी अधिकारी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय की अवहेलना कर गुमराह करने का आरोप लगाया है। वहीं पूर्व विधायक किशोर समरीते ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2018 में दिए गए फैसले में राष्ट्रीय राज्य मार्ग स्टेट हाईवे तथा नेशनल हाईवे एवं डीएमआर तथा गांव एवं शहरों के प्रमुख चौक चौराहों में संचालित हो रहे शराब दुकानों को अन्यत्र स्थानांतरित करने का आदेश दिया था किंतु बालाघाट जिले में सर्वोच्च न्यायालय के इस आदेश का जिला आबकारी अधिकारी ने पालन नहीं किया और भ्रामक रिपोर्ट बनाकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय को गुमराह किया। इस क्रम में लांजी तहसील में कारंजा साडरा, टेडवा, तथा लांजी नगर में देशी विदेशी शराब दुकान संचालित हो रही है। वहीं किरनापुर बस स्टैंड में भी शराब दुकान संचालित हो रही है जबकि यह सारी शराब दुकान मुख्य मार्गो के किनारे संचालित हो रही है। श्री समरीते ने कहा कि इसमें आश्चर्य की बात यह है कि कारंजा की शराब दुकान को लेकर आरएसएस के उत्तर प्रदेश प्रभारी तथा आवरी टोला कारंजा निवासी राजकुमार मटाले ने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कई मर्तबा पत्र लिखा फिर भी आज तक शराब दुकान नहीं हटाई गई। इसके बाद राजकुमार के पत्र पर आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने भी इस शराब दुकान को हटाने तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखित एवं मौखिक रूप से निवेदन किया। पूर्व विधायक किशोर समरीते ने कहा कि इस शराब दुकान के संचालकों के द्वारा कारंजा स्कूल के प्राचार्य श्री नाईक के भाई टीकाराम नाईक की हत्या करने का भी आरोप लगा था। जबकि टीकाराम नाईक आरएसएस का सदस्य भी था। वही इस शराब दुकान को हटाना आरएसएस की प्रतिष्ठा का प्रश्न भी है। शराब ठेकेदार इतना ताकतवर है कि उसके द्वारा ना तो इस मामले में एफआईआर होने दी गई और ना ही टीकाराम नाईक के शव का पीएम भी होने नहीं दिया गया। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी भी नहीं हो पाई। पूर्व विधायक किशोर समरीते ने यह भी कहा कि इस मामले में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मध्य प्रदेश सरकार जहां धार्मिक एवं तीर्थ स्थलों को शराब बिक्री से प्रतिबंधित कर अपने आप को भारतीय संस्कृति का रक्षक बता रही है वहीं आरएसएस के संस्थापक बाला साहब देवरस की जन्म स्थल कारंजा को शराब मुक्त नहीं कर पा रही है। आरएसएस के कंधों पर सवार भाजपा सरकार इस पूरे मामले में मौन नजर आ रही है। वही इस पूरे मामले में पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय संयुक्त क्रांति पार्टी के अध्यक्ष किशोर समरीते ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाने की मांग की है तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से इस्तीफा देने की मांग की है।



## सिविल न्यायालय लांजी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

हरिभूमि न्यूज लांजी।




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नईं दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालाघाट माननीय श्रीमान् प्राणेश कुमार प्राण व न्यायाधीश / सचिव श्रीमान् सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय बालाघाट एवं श्रीमान धर्मेन्द्र नागवंशी, व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड, लांजी न्यायालय में दिनांक 8 मार्च दिन शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, दिवानी मामले, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, सिविल, विद्युत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा, निगोशिएबल इंस्टूमेंट एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण श्रम प्रकरण, राजस्व मामले के प्रकरणों तथा प्रीलिटिगेशन के अंतर्गत बैंक, विद्युत, नगरपालिका के वसूली प्रकरणों व चेक बाउन्स प्रीलिटिगशन प्रकरण आदि का आपसी राजीनामा के माध्यम से निराकरण किया जावेगा। तहसील विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय लांजी द्वारा अपील की जाती है कि आप अपने किसी न्यायालयीन प्रकरण या जलकर, सम्पत्तिकर, विद्युत बिल, बैंक रिकवरी संबंधी प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करवाना चाहते है, तो वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपसी सुलह द्वारा दिनांक 8 मार्च को जिला न्यायालय / तहसील न्यायालय में उपसिथित होकर इस अवसर का लाभ उठाये। अधिक जानकारी के लिये जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपरिथित होकर या मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के टोल फी नंबर 15100 पर निःशुल्क कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## ग्राम कोतरी प्राथमिक शाला में वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर शासकीय प्राथमिक शाला कोतरी किरनापुर में अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्तिकेय जैसवाल आईएएस के द्वारा 6 मार्च को आयोजित निरीक्षण कार्य के दौरान वृक्षारोपण के साथ बच्चों के लिये झूला तथा, घीसरपट्टी का लोकापर्ण किया गया। स्कूल के बच्चों के लिये उपरोक्त सुविधा ब्लाक अध्यक्ष क्षत्रिय समाज किरनापुर झालेन्द्र सिंह चौहान के द्वारा प्रदान किया गया है। जबकि घीसरपट्टी मनीष तोमर बीमा सलाहकार भारतीय जीवन बीमा के द्वारा दान में दी गई। कार्यक्रम में दौरान प्रधान पाठक प्रकाश वैद्य, सहायक अध्यापक राहंगडाले, पालक शिक्षक संघ के समस्त सदस्य एवं प्राथमिक शाला की सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय दंडाधिकारी जैसवाल के द्वारा शाला की पेयजल व्यवस्था, भोजन व्यवस्था एवं शौचालय का निरीक्षण किया गया। तथा प्राथमिक शाला की पुरानी ईमारत की मरम्मत तथा उस पर छत की शीट डलवाने आश्वस्त किया। इस अवसर पर स्कूल के छात्र छात्रा, शिक्षक शिक्षिका के साथ उन्होंने भोजन भी ग्रहण किया।

## राजस्व और पुलिस ने 17 अतिक्रमणकर्ताओं से शासकीय भूमि कराई मुक्त

# एक ऐसा स्कूल जहां गांव के ही लोगों ने कीमती भूमि पर कर रखा था अतिक्रमण

### स्कूल की शासकीय भूमि से राजस्व और पुलिस अधिकारियों ने हटवाया अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** खैरलांजी तहसील के पिंडकेपार गांव के स्कूल परिसर में अपने ही गांव के 17 लोगों द्वारा अतिक्रमण किया हुआ था। गांव में सड़क और बाउंड्रीवाल के लिए राशि भी स्वीकृत हो गई थी। लेकिन जब पंचायत ने भूमि खाली कराने की बात आयी तो पंचायत की एक न चली। इसके बाद तहसीलदार छवि पंत थाना प्रभारी श्री रामसिंह पटेल और नायब तहसीलदार श्री दुलारे लाल परते अपने दल के साथ पहुँचे। तहसीलदार श्रीमती पंत ने बताया कि जिन लोगों द्वारा स्कूल की भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। उनके पीएम आवास भी बने हुए है। लेकिन भूमि खाली नही करना चाह रहें थे। इस कारण उनके मकान तो तोड़े ही गए साथ ही घरेलू सामग्री भी उनके आवासों में व्यवस्थित रूप से राजस्व अमले ने भी सहयोग कर जमीन खाली कराई गई। पिंडकेपार के खसरा नम्बर 130 के 0.692 हेक्टेयर शासकीय से 17 नागरिको के पक्के मकानों तोड़े गए। सिर्फ एक व्यक्ति का मकान आधा तोड़ा गया है। खाली कराई गई भूमि की कीमत 1 करोड़ 5 लाख रुपये है।

तहसीलदार श्रीमती पंत द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अतिक्रमणकर्ताओं में कलाबाई पति माखनलाल, भगरता पति सनतलाल, शिवराज पिता सूरजलाल, सूरजलाल पिता अंबरलाल, बिरजलाल पिता अंबरलाल ने पक्के मकान बनाकर अतिक्रमण किया गया था। इसके अलावा अनावेदक धर्मराज पिता हंसराज, रविंद्र पिता लिखनलाल, अंगलाल पिता भाऊलाल, लखनलाल पिता भाऊलाल, रमेश पिता सूरजलाल, शंकरलाल पिता सूरजलाल, कमलेश पिता जियालाल, रमेश पिता जियालाल, गोधनलाल पिता संतु के द्वारा शासकीय भूमि पर निस्तार करके अतिक्रमण किया गया था। साथ ही सुरेंद्र पिता जियालाल, दिनेश पिता भैयालाल के द्वारा कच्ची झोपड़ी और बाउंड्रीवॉल बनाकर अतिक्रमण किया गया था।

ग्राम पंचायत पिंडकेपार के द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के संबन्ध में तहसीलदार खैरलांजी छवि पंत के पास शिकायत की गई थी। तहसीलदार द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला दर्जकर अनावेदको को सुनवाई का पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया। इसके पश्चात बेदखली आदेश पारित किया गया था। अनावेदकों के द्वारा बेदखली सूचना तमिल होने के उपरांत भी स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया गया। ऐसी स्थिति में गुरुवार को राजस्व एवं पुलिस के संयुक्त अमले के द्वारा मौके से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही में अनावेदको के खिलाफ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने के एवज में अर्थदंड भी आरोपित किया गया है।

## क्षेत्र के जरुरतमंद लोगों को सोलर एलेडी लालटेन एवं 100 वाट एलइडी बल्बों का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

123 बटा० के०रि०पु०बल पुलिस चौकी किन्ही कैम्पस में आज दिनाँक 07 मार्च 2025 को आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम श्रीमति तेजिन्दर कौर - कमांडेण्ट 123 बटालियन के०रि०पु०बल के मार्ग दर्शन के द्वारा जिसके मुख्य अतिथि मनोज कुमार उप कमांडेण्ट -123 बटा० के०रि०पु०बल। चौकी प्राभारी किन्ही, सभी ग्राम पंचायतो के सरपंच और यहाँ पर उपस्थित कम्पनी के अर्न्तगत आने वाले गाँवो के सभी सम्मानीय नागरिक बड़े बुजुर्ग माताओ, बहनो को इस कैम्प परिसर के आगमन पर हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत करता हूँ तथा आभार व्यक्त करता हूँ की आप सभी इस प्रोग्राम में उपस्थित हुये और इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने में सहयोग प्रदान किये। कार्यक्रम के दौरान ए/123 बटा0 के अंतर्गत आने वाले गाँव किन्ही ,देऊटोला, जामड़ीमेटा, अकोला, न्यूबाम्बे, आलीटोला आदि के 200 जरूरत मंद स्थानीय लोगो को सोलर लैम्प का वितरण किया गया ।

## खबर संक्षेप

### सडक़ हादसे मे दो घायल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घंसौर के बालपुर बंजारी के पास रात करीब 8 बजे एक दर्दनाक सडक़ हादसा हुआ। घंसौर से बालपुर जा रहे बाइक सवार दो लोगों को कहानी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार रूपेंद्र मरकाम (35) और राजेश कुमार उइके (50) की मौके पर ही मौत हो गई।प्रत्यक्षदर्शियों ने 108 एंबुलेंस और घंसौर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पंचनामा बनाकर शवों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर ले जाया गया, जहां पर शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम होगा। पुलिस ने टक्कर मारने वाले पिकअप वाहन को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीणों ने आधे घंटे तक लगाया जाम घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कहानी-घंसौर मार्ग पर करीब आधे घंटे तक चक्का जाम किया। एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के समझाने पर जाम खुला। घंसौर थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। एसडीएम बिशन सिंह गोंड ने कहा कि घटना के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बैल ने बच्चे को पटका

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** किंदरई थाना के पिपरिया गांव में एक बच्चे को बैल ने उठाकर पटक दिया। घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छिदामी पंद्रे के तीन साल के बालक रितेश को सुमेरी परते के पालतू बैल ने पटककर घायल कर दिया।

# आज चल सकता है अतिक्रमण पर बुलडोजर

**जोड़ा पुल से लेकर नगझर तक शहर का मुख्य मार्ग चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। मार्ग निर्धारित डीपीआर के अनुसार बनाने के लिये सीमा में हुये अतिक्रमण को हटाने के लिये प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार प्रशासन संबंधितो से इस संबंध में चर्चा भी कर रहा है और इसके साथ ही राजनैतिक दलों से अपेक्षा भी व्यक्त कर चुका है कि नगर की यातायात व्यवस्था को सुरक्षा की दृष्टि से व्यवस्थित करने में सहयोग करें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



निर्माण एजेंसी के साथ राजस्व एवं नजूल विभाग द्वारा जो नाप किया गया है उस नाप के चिन्हित अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही एक दो दिन में तेजी से चल सकती है। प्रशासन द्वारा गुरुवार को सीमा तय करते हुये चूने से लाइनिंग की जा चुकी है और सभी संबंधितो से स्वेच्छा से सहयोग का आग्रह भी किया गया है, परंतु कुछ व्यक्तियों के प्रतिष्ठान या भवन इसी लाइन में आधिकारिक दस्तावेजों वाले है।

ऐसे कु स्थान कार्रवाई से मुक्त रह सकते है। सिवनी विधायक ने स्पष्ट कर दिया है कि वे अतिक्रमणकारियों के पक्ष में नहीं है और उन्होंने सभी से आग्रह पूर्वक कहा भी है कि नगर विकास में सहयोग करें हालांकि उन्होंने फुटपाथ विक्रेताओं के लिये व्यवस्था देने के लिये भी नगरीय प्रशासन को कहा है। सडक़ के किनारे जो अतिक्रमण है उन्हें हटाने के लिये नगर पालिका नोटिस जारी भी कर चुकी है।

जानकारी के अनुसार इन अतिक्रमणों को हटाने के लिये प्रशासन बुलडोजर वाली कार्यवाही भी सकता है। प्राप्त हो रही खबरों के अनुसार प्रशासन इस दिशा में कार्यवाही के लिये मन बना चुका है और प्रशासन का रूख भी स्पष्ट दिख रहा है कि सडक़ को डीपीआर के हिसान से बनाने के लिये अतिक्रमण हटाने के अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं है।

### इधर विधायक दिनेश राय ने अस्थाई बाजार का जायजा लिया



सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुनने अस्थाई पालिका बाजार का नगर पालिका अधिकारियों के साथ जायजा लिया। आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सिवनी नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत प्राइवेट बस स्टैण्ड के पीछे स्थित मैदान पहुंचकर नगर पालिका अधिकारियों के साथ जायजा लिया। तथा अतिक्रमण से प्रभावित फुटकर विक्रेताओं को रोजगार के लिए तत्काल मैदान मे अस्थाई रूप से पालिका बाजार बनाकर जगह दी जाये। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि आने वाले समय मे बाजार को और विकसित एवं व्यवस्थित किया जाये। जिससे फुटपाथ के फुटकर विक्रेताओं को भी रोजगार मिल सके। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ने नागपुर रोड स्थित गोपिका माल पहुंचकर ब्लैक बेरी स्टोर का फीता काट कर शुभारंभ किया तथा संचालक और पारिवारिक परिजनों को शुभकामनाएं एवं बधाई दिया।



# कलेक्टर साहब स्टोन क्रेशर द्वारा ब्लास्टिंग से घरों में आ रही है दरार

### स्टोन क्रेशर पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम पंचायत खामखरेली डुगंरिया एवं ग्राम पंचायत सिहोरा से आधा सैकडा महिला पुरूषो ने जिला कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में बताया है कि ग्राम पेंच प्रवर्तन के डीफोर में सिंचित होना था लेकिन उक्त नहर ग्राम खामखरेली से मुडते हुए ग्राम राहीवाडा की ओर जा रही है जिससे उक्त ग्राम के लोग उक्त नहर के पानी से वंचित हो रहे है जिससे उक्त ग्राम के किसान मजदूर किसान होते हुए भी मजदूरी करने के लिए मजबूर है। जिसके आगे ज्ञापन में बताया गया है कि नहर डीफोर का पानी उक्त ग्रामो में पहुॅचाया जाये ताकी उक्त ग्राम के किसान मजदूरो का भरण पोषण अच्छे से हो सके और उक्त ग्राम के किसान भाईयो को मजदूरी के लिए अपने ग्राम से पलायन न करना पडे। आगे किसानो ने बताया कि उक्त क्षेत्र में गिटटी क्रेशर में ब्लाष्टिंग होने से क्षेत्र में निवासरत मजदूर किसानो के घरो में दरारे आ चुकी है जिससे कभी भी कोई बडी दुर्घटना घटित हो सकती है इस कारण क्षेत्र के आसपास स्थित स्टोन क्रेशरो पर प्रतिबंध लगाने की गुहार लगाई गई है।



# 450 जोड़ों ने एक-दूसरे का थामा हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के धनौरा विकास खंड मुख्यालय के खेल मैदान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 450 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा। विवाह समारोह में हिंदू, आदिवासी और मुस्लिम रीति-रिवाजों का पालन किया गया। जनपद पंचायत मैदान से दूल्हों की बारात निकाली गई। बारात में आतिशबाजी और गाजे-बाजे की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। 49 हजार हजार के चेक दिए गए कार्यक्रम में अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों पर चावल और पुष्प बरसाकर आशीर्वाद दिया। विवाह के बाद हर जोड़े को 49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया।

# नेशलन लोक अदालत आज

### सम्पत्ति एवं जलकर की राशि जमा करने पर अधिभार में मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार 08 मार्च 2025 को 11.00 बजे से नेशनल लोक अदालत का आयोजन नगर पालिका कार्यालय के बाजू में मानस भवन में किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने करदाताओं से अपील करते हुये बताया कि समस्त करदाता अपनी बकाया सम्पत्ति कर एवं जलकर की राशि जमाकर अधिभार (सरचार्ज) में नियमानुसार प्रदाय की जा रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही जिन करदाताओं की तरफ रूपये 10,000 (दस हजार रूपये) से अधिक सम्पत्तिकर एवं अन्य करों की राशि बकाया होने पर तथा राशि नगर पालिका कोष में जमा ना करने पर बकायादारों के नाम स्थानीय समाचार पत्रों में तथा नगर के दृष्टिगोचर स्थानों पर प्रकाशित किये जावेगें। इस प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचने के लिये करदाताओं से अपील की जाती हैं, कि शनिवार 08 मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत (मानस भवन) में बकाया करों की राशि जमा करें।

# केंद्रीय विद्यालय में शुरू हुआ एडमिशन

## जानिए आपके नौनिहाल को कैसे मिलेगा मौका

### दिनांक 7 मार्च से 21 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

आनलाईन मोड पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय से जानकारी प्रदान की कि केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा दिनांक 5 मार्च 2025 को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित दिशा निर्देश एवं समय सारणी जारी कर दी गई है 7 कक्षा पहली एवं बाल वाटिका-03 में अपने बच्चों के प्रवेश लेने की इच्छा रखने वाले अभिभावक (आनलाईन मोड ) में दिनांक 7 मार्च 2025 से 21 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं । प्राचार्य ने यह सुझाव दिया है कि आवेदन करते समय सभी अनिवार्य प्रमाणपत्रों को साथ रखना चाहिए ,जैसे बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, सेवारत अभिभावक का सेवा प्रमाण पत्र, अभिभावक का पता सम्बंधित प्रमाण, आदि 7 शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत क्चक्करु (बीपीएल) का लाभ लेने की पात्रता केवल उन बच्चों को होगी जिन बच्चों के माता अथवा पिता के नाम पर ही (बीपीएल) राशन कार्ड एवं संबंधित प्रमाणपत्र होंगे, दादा दादी अथवा नाना नानी के नाम पर जारी (बीपीएल) कार्ड के आधार पर (बीपीएल) का लाभ नहीं लिया जा सकेगा।

### प्रत्येक जानकारी की कई बार जांच की जानी चाहिए

उन्होंने कहा है कि आवेदन प्रक्रिया अत्यंत सावधानीपूर्वक एवं समय सीमा में पूर्ण करें ताकि आवेदन किसी भी स्थिति में निरस्त ना हो 7 यथा संभव आवेदन स्वयं पालकों द्वारा भरा जाना चाहिए यदि किसी और की सहायता आवेदन भरने में ली गई है तो प्रत्येक जानकारी की कई बार जांच की जानी चाहिए । केन्द्रीय विद्यालयों मे प्रवेश प्राथमिकता के आधार पर पहले केंद्र सरकार के कर्मचारियों उसके बाद स्थान रिक्त रहने पर राज्य सरकार के कर्मचारियों को और उनके प्रवेश के बाद भी स्थान रिक्त रहने पर अन्य पालकों के बच्चों को प्रवेश मिल पाता है।

### इधर,सी एम राईस विद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

छपारा - सी एम राईस विद्यालय छपारा जिला सिवनी में वर्ष 2024-25 हेतु प्राथमिक विभाग में कक्षा के. जी वन से कक्षा 3 तक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश प्रक्रिया 05/03/2025 से प्रारंभ की जा चुकी है। फार्म प्राप्ति एवं जमा करने की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन दिवसों में प्राप्त कर सकते है आवशयकतानुसार लॉटरी दिनांक 25/03/2025 को निकाली जाएगी फार्म जमा करने की अंतिम तिथी 25/03/2025 को शाम 4.30 बजे तक होगी।

# नई आवक से सस्ती हुई दालें, चना, 400 रुपए से भी ज्यादा गिरे गेहूं के दाम

**विगत एक माह से दालों के दामों में काफी कमी देखने को मिल रही है। जिस तुअर दाल की एक किलो की मात्रा खरीदने के लिए 160 रुपए खर्च करने पड़ते थे, वहीं दाल अब 100 से 120 रुपए खर्च करने में मिल रही है। दालों के दामों में कमी से पहली बार आम मध्यमवर्गीय परिवारों को दाल-रोटी खाने का सुकून मिल रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




दालों के साथ साथ गेहूं के दामों में भी कमी दर्ज की गई। इसका कारण कहीं न कहीं नई आवक एवं उसके साथ ही सरकार के माध्यम से लगाया गया 31 मार्च तक का स्टॉक लिमिट नियंत्रण हो सकता है। दरअसल, पिछले दो साल तुअर की दाल 150 रुपए से लेकर 200 रुपए प्रति किलो के आसपास ही है। तुअर दाल की महंगाई से आम लोग तुअर का कम उपयोग कर पा रहे थे। दालों के दामों के गिरने का कारण प्रमुख निर्यातक शहरों में उत्पादन अच्छा होना बताया जा रहा है।

### अचानक उतरे गेहूं के 400 रुपए प्रति क्विंटल से ज्यादा दाम

कृषि उपज मंडियों में रबी की मुख्य फसल गेहूं की आवक होने लगी है। मार्च की शुरुआत से ही आवक में लगातार दृद्धि हुई है सोमवार की तुलना में मंगलवार को गेहूं के दामों में 300 रुपए प्रति क्विंटल की मंदी आई। सोमवार को गेहूं की न्यूनतम दर 2450 रुपए प्रतिक्विंटल से लेकर 3365 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। मंगलवार को दाम घटकर 2440 रुपए से लेकर 3060 रुपए प्रति क्विंटल तक आ गए। बुधवार को दाम और कम हुए। मंडी में न्यूनतम दाम 2411 रुपए प्रति

किराना दुकानदार नितिन लालवानी ने बताया कि पिपरिया के अलावा अकोला से दाल आती है, इस बार वहीं से दालों के दाम कम आ रहे हैं, जिससे सबसे अच्छी क्वालिटी की तुअर दाल 130 रुपए प्रति किलो तक हैं।

### आटा के दामों में मामूली गिरावट

गेहूं की स्टॉक लिमिट एवं नई आवक का असर अभी आटे पर कम ही पड़ा है। थोक फुटकर किराना व्यापारी का कहना है कि आटे के दामों में अभी मामूली असर पड़ा है। फिर भी जिस चक्की आटे के 50 किलो का दाम 1780 रुपए था, वह 1720 रुपए आ चुका है। वहीं मैदा के दामों पर भी असर पड़ा है। 50 किलो मैदा की बोरी के दाम एक माह में 1880 रुपए गिरकर 1810 रुपए तक आ चुके हैं।

**दाल दाम प्रतिकिलो**

| | | |
|---|---|---|
| तुअर- | 90- | 130 |
| चना - | 70- | 80 |
| मूंग - | 90- | 115 |
| उड़द- | 100- | 120 |
| मसूर- | 90- | 95 |

# जांच दल द्वारा विभिन्न खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता जांच हेतु लिए गए नमूने





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के आदेश अनुसार , मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपाल सिंह ठाकुर के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन सिवनी द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से 6 एवं 7 मार्च 2025 को सिवनी शहर में स्थित मिड टाऊन सुपर मार्केट, राहुल किराना स्टोर बाहुबली चौक, मोर एंड मोर सुपर मार्केट, वैशाली राजपुरोहित,गुप्ता स्वीट्स, उत्तम स्वीट्स से नमूने लिए गए,चलित खाद्य प्रयोगशाला से मिठाइयों, किराना सामग्री आदि खाद्य पदार्थों के तुरंत नमूने लिए जाकर त्वरित ही जांच की गई। रीतेश गुप्ता स्वीट्स से मगज के लडडू,नमकीन सेव का नमूना,उत्तम स्वीट्स से दूध बर्फी, नमकीन का नमूना जांच हेतु लिया गया एवं राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल प्रेषित किया गया।

# प्रेक्षक ने किया मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यवाही का अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगर पालिकाओं की फोटो मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 अंतर्गत जिलें की सिवनी नगरपालिका फोटो मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्य जारी हैं। शुक्रवार 7 मार्च को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक श्री प्रकाश व्यास ने सिवनी नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्र का निरीक्षण कर प्रारूप मतदाता सूची के विरुद्ध आमंत्रित दावा- आपत्ति प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन तथा हटाने के लिए प्राप्त आवेदनों की जानकारी लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिये। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर श्री सीएल चिनाप सहित अधिकारी उपस्थित थे।

### व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई हायर सेकण्डरी की भूगोल, कॉप प्रोडेक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य विषय की परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार 07 मार्च को हायर सेकण्डरी की भूगोल, कॉप प्रोडेक्शन एण्ड हार्टिकल्चर, शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य विषय की परीक्षा 75 परीक्षा कन्द्रों में आयोजित हुई। जिसमें दर्ज कुल 7181 परीक्षार्थियों में से 7036 परीक्षार्थी उपस्थित पाये गये एवं 145 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये तथा नकल प्रकरण निरंक पाया गया। जिला स्तर पर परीक्षाओं के व्यवस्थित आयोजन को लेकर जिला एवं खण्ड स्तर पर निरीक्षण दलों का गठन किया गया है साथ ही मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशन में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित कर सभी गतिविधियों को मॉनिटर किया जा रहा है।

### युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान मिलेगा स्टाइपेंड

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अंतर्गत 12 मार्च तक किये जा सकते हैं आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिन अभ्यर्थियों ने हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा या स्नातक किया हैं तथा जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष हो उन युवाओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन 12 मार्च 2025 तक किए जा सकेंगे तथा वे सभी www.pminternship.mca.gov.in पोर्टल पर स्वयं निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इच्छुक युवा रोजगार कार्यालय अथवा शासकीय आईटीआई सिवनी में उपस्थित होकर भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वी पास होना अनिवार्य है एवं 21 वर्ष से 24 वर्ष तक की आयु होना चाहिये। जिले में भी रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंडीयन ऑयल कारपोरेशन, पॉवरग्रिड कारपोरेशन, एचडीफ़सी बैंक में सीट उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त देश के 500 संस्थानों में इंटर्नशिप करने का सुनहरा अवसर है। पीएमआईएस योजना मार्गदर्शन कार्य हेतु संस्था के श्री संदीप सैनी, टीपीओ एवं श्री अमन सोनी, प्रशिक्षण अधिकारी को नियुक्त किया गया हैं। अधिक जानकारी के लिए संस्थान पर संपर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के द्वितीय चरण के तहत ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के द्वितीय चरण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक लाख पच्चीस हजार युवाओं को देश की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया हैं। योजना के अंतर्गत एक वर्ष की इंटर्नशिप अवधि में प्रतिमाह 5000 रूपये का स्टाइपेंड दिया जायेगा एवं इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्रारंभ करने पर 6000 रूपये एकमुश्त दिये जायेंगे।

# कुरई और मझोली में उत्कर्ष स्मॉल ने खोले नए आउटलेट



सिवनी

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड उत्कर्ष एसएफबीएल ने मझोली जबलपुर और कुरई सिवनी में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। इन लॉन्च के साथ, बैंक के अब मध्य प्रदेश में 53 और देश भर में 1076 बैंकिंग आउटलेट हैं। इन स्थानों के निवासियों को बचत खाते, चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा सहित बैंकिंग उत्पादों से लाभ होगा।

# एसडीएम सिहाग ने बैंनगंगा नदी के अंदर हो रही अनाधिकृत खेती का मुआयना किया

### नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदों द्वारा भी जलसंकट की आशंका जता एसडीएम को पत्र लिखा

**छपारा** - नगर के बैंनगंगा नदी पर पिछले कई सालों से बीचोंबीच होने वाली वहां अनाधिकृत खेती पर नगरवासियों द्वारा खेती पर जहरीली खतरनाक दवाओं का नदी के जल में समाहित होने वाले वहीं जल को सिवनी शहर सहित क्षेत्रीय व नगरवासियों द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है अनेक वर्षों से नदी में जलस्तर कम होते ही बड़े पैमाने पर दोनों ओर खेती कार्य पर अंकुश लगाने की मांग की गई जिसे संज्ञान लेते हुए अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन रविकुमार सिहाग एवं तहसीलदार छपारा नितिन चौधरी गुरुवार दोपहर लगभग तीन बजे नगर के बैंनगंगा नदी पुल घाट पर पहुंच वास्तविक स्थिति का जायजा लिया गया वहीं मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल , जयदीप सिंह चौहान ,नवनीत सिंह ठाकुर, अर्जुनसिंह ठाकुर एवं धर्मेन्द्र जैन द्वारा नगर के करबला घाट जहां से नगर में पानी की सप्लाई होती है वहां पर बड़ी संख्या में खेतों में पानी ले जाने वाले पाइपलाइनों से नदी का जलस्तर तेजी से घटने पर जल संकट की समस्या होने की आशंका जताते हुए एसडीएम सिहाग को अवगत कराया एवं एक पत्र कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के नाम नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल एवं उपस्थित जनों ने अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन रविकुमार सिहाग एवं तहसीलदार छपारा नितिन चौधरी को सौंपा गया जिसमें नदी पर दोनों ओर हो रही अनाधिकृत खेती एवं नदी से खेती पर बड़ी संख्या में डाले हुए पाइपलाइन कनेक्शनों पर रोक लगाई जाए मांग की गई है वहीं उपस्थित जनों द्वारा नदी में जलस्तर कम होने की मुख्य वजह नदी पर जमा मिट्टी गाद को हटाने नदी की सफाई एवं नगर के समीप नदी पर एक स्टाप डेम निर्माण किए जाने की भी मांगों को रख आग्रह किया गया है।



कलेक्टर से कहा- पंचायत में बिना प्रस्ताव के काम हो रहे, हमारी राय नहीं ली जाती

## उपसरपंच सहित 18 पंचों ने इस्तीफा दिया



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत भरवेली में बड़ा विवाद सामने आया है। उपसरपंच सहित 18 पंचों ने शुक्रवार शाम 4 बजे कलेक्टर मृणाल मीणा को अपना इस्तीफा सौंप दिया। कलेक्टर ने इस मामले को एसडीएम के समक्ष रखने की सलाह दी है।

उपसरपंच राजेश बाहेश्वर का आरोप है कि पंचायत में बिना प्रस्ताव के काम किए जा रहे हैं। पंच अनारकली रौतेल ने बताया कि पंचों की राय नहीं ली जाती। आय-व्यय का ब्योरा भी नहीं दिया जाता है। वार्डों में सुपरवाइजर की नियुक्ति मनमाने तरीके से की गई है। इससे वार्डवासी नाराज हैं।

### सरपंच ने कहा- चर्चा मामला सुलझा लेंगे

सरपंच गीता अनिल बिसेन का कहना है कि दिसंबर और जनवरी में बैठक बुलाई गई थी। कोरम पूरा नहीं होने से बैठक स्थगित करनी पड़ी। फरवरी में परिवार में दुखद घटना के कारण बैठक नहीं हो पाई। सरपंच ने होली के बाद मार्च में बैठक का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि सभी पंच उनके परिवार के सदस्य हैं और चर्चा कर मामले को सुलझा लिया जाएगा।

### इन्होंने दिया इस्तीफा

इस्तीफा देने वाले पंचों में उपसरपंच राजेश बाहेश्वर, लतेश्वरी बिसेन, सुशील सुलखे, हरिराम गराडे, विक्रम मर्सकोले, मकसूद खान, उर्मिला मालेस, संगीता शेंडे, मालती साहू, अमीन खान, अंजली काकोडिया, परवीन खान, रमेश सहारे, फुलवती नागेश्वर, अनिता पिटनिया, विवेश राम साहू, मनीष शेंडे, शरद कठौते और अनारकली रौतेल शामिल हैं।

महिला बाल विकास विभाग की हितग्राहियों के साथ ही जालसाजी

## महिला बाल विकास अधिकारी बनकर ओटीपी मांगा और बैंक खातें से 5 हजार रुपये गायब

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस बार शासकीय योजना में शामिल हितग्राही के साथ ये फ्रॉड हुआ है। जिसकी प्राथमिकी जांच के लिए लालबर्रा थाने में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। लालबर्रा थाना अंतर्गत रानीकुठार पंचायत के पंढरापानी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के दो लाभार्थी धात्री महिलाओं के बैंक खातें से महिला बाल विकास का अधिकारी कह ओटीपी मांगा गया और पांच हजार रूपये निकालें गए। पंढरापानी आंगनबाड़ी. केन्द्र क्रमांक 01 की कार्यकर्ता श्रीमती रूबीना अली ने बताया कि संतोषी/अजय कावरे एवं ज्योति बावने नामक दो धातृ लाभार्थी महिला के मोबाइल पर फोन आया कि मैं परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास बालाघाट से राहुल शर्मा बोल रहा हु। आप अपने बैंक का खाता संख्या बताइए मैं तुरत आपको छः हजार रुपये बैंक खाता में भेज रहा हूं। जालसाज ने आंगनबाडी केंद्र पंढरापानी की लगभग 30-35 धातृ लाभार्थी महिलाओ को रुपये बैंक खाता में भेजने के नाम अपने विश्वास में लेकर लाभार्थी महिला से बैंक खाता संख्या मांग लिया। बैंक खाता संख्या लेने के बाद ओटीपी की मांग किया जैसे ही धातृ लाभार्थी महिला ने अपने मोबाइल से ओटीपी बताया वैसे ही धातृ लाभार्थी महिला संतोषी अजय/कावरे के बैंक खाता से फ्रॉड ने 800 रुपये और ज्योति बावने के खाते से 4 हजार दो सौ रुपये उड़ा लिया।

ज्योति बावने ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं मुझे बालाघाट से कॉल आया कि आंगनवाड़ी ऑफिस से बात कर रहा हूं। आपकी छोटी बेटी एक वर्ष दो माह की हो गई उसे पैसे डालना है, तो मैंने कहा कि मैंने कोई फॉर्म नहीं भरा है, तो पैसे कैसे दिया जा रहा है, जिस पर उन्होंने कहा कि नहीं शासन की योजना के तहत आपको लाभ मिलना है। आपका फोन पे नंबर होगा तो दीजिए हमारे घर में कोई फोन पे नहीं चलाता जिस पर मैंने अपनी भांजी का फोन पे नंबर दिया और ओटीपी आने के पश्चात 42 सौ रूपये से ठगी का शिकार हो गई।

## वैनगंगा नदी में नहाने के दौरान डूबे दो छात्र

### दोनों की मौत, पुलिसकर्मी के बेटे का मिला शव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट की वैनगंगा में नहाने को दौरान दो स्कूली छात्रों की डूबने गए। SDERF की टीम ने कल देर रात छात्र पीयूष कटरे का शव नदी से बाहर निकाल लिया था। जबकि उसके दोस्त आरोह यादव का शव शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे मिला है। जो पुलिसकर्मी का बेटा है। दोनों स्कूटी से घर से फुटबॉल खेलने का कहकर निकले थे। घटना कल शाम 6 बजे डेंजर रोड आमाघाट में हुई है।

मृतक पीयूष कटरे पिता महेश कटरे निवासी वार्ड-24 , इंदिरा नगर का शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक आरोह यादव के शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

**घर से फुटबॉल खेलने का कहकर निकले थे:** दरअसल, आरोह यादव पिता महेश यादव (16) निवासी पुलिस लाइन अपने घर से फुटबॉल खेलने का कहकर स्कूटी से निकला था। इसके बाद वह अपने दोस्त पीयूष कटरे पिता महेश कटरे निवासी वार्ड-24 , इंदिरा नगर को अपने साथ सुबह 9 बजे लेकर निकला। दोनों आपस में दोस्त थे, जो एक निजी स्कूल में कक्षा नौवीं के छात्र थे। जब दोनों दोपहर करीब 2 बजे तक घर वापस नहीं लौटे, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की।

### घटनास्थल पर परिजनों को जूते चप्पल मिले

इसी दौरान पीयूष के पिता महेश को आमाघाट के पास एक स्कूटी खड़ी हुई दिखाई दी, इस बार उन्होंने आरोह के पिता महेश को स्कूटी नंबर और कलर के बारे बताया तो पता चला कि आरोह और पीयूष इसी स्कूटी से वहां पहुंचे थे। आमाघाट के पास उनके चप्पल, कपड़े और मोबाइल भी परिजनों को मिले थे।

### पुलिसकर्मी के बेटे का आज मिला शव

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। जिसके बाद दोनों बच्चों की नदी में तलाशी के लिए एसडीईआरएफ की टीम बुलाई गई। सर्चिंग के दौरान SDERF गुरुवार देर रात करीब 8-9 बजे के बीच पीयूष कटरे का शव बरामद किया है, जबकि आरोह यादव का शव आज (7 मार्च) को बरामद हुआ है। आरोह के पिता एक पुलिसकर्मी हैं, जबकि पीयूष कटरे के पिता ब्लड वाहन चालक हैं।

कथित तौर पर पुलिस बनकर आए बदमाशों ने, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना, पुलिस जांच में जुटी

## जैन मंदिर के सामने दिन-दहाड़े महिला से लूट

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी में कथित तौर पर एक महिला को सम्मोहित कर एक जोड़ी सोने के कंगन और 04 सोने की अगुंठी की लूट का मामला सामने आया है. यह पूरी वारदात शुक्रवार की सुबह करीब 09 बजे के आस-पास मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित स्थानीय जैन मंदिर के सामने हुई है. जानकारी अनुसार वार्ड क्रमांक 14 निवासी श्रीमती रेखा जैन के साथ लूट की यह पूरी वारदात हुई है. जिन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह आज सुबह अपने घर से जैन मंदिर जाने के लिए निकली थी बड़वाईक हार्डवेयर की दुकान के सामने उन्हें युवकों ने रोकने की कोशिश की लेकिन वह नहीं रूकी और सीधे मंदिर के सामने तक पहुंच गई तभी वह दोनों युवक मंदिर के सामने आए और स्वयं को पुलिस बताकर रेखा जैन को बताया कि गांव में पद्मावती नामक किसी एक महिला का मर्डर हुआ है. जिसके पूरे जेवरात लूट लिए गए है. इसीलिए वह दो दिनों तक सोने के जेवर पहनकर ना घूमे और जेवर उतारकर उन्हें दे दे. इस बीच इन दो युवकों में से एक युवक ने सड़क से गुजर रहे एक अन्य तीसरे युवक को रोका और उससे चैन और छल्ले मांगें. जिस युवक को रोका गया था उसने बड़ी ही आसानी से अपनी चैन और छल्ला दे दिया और वह वहां से चला गया. यह सब वहां खड़ी होकर देख रही रेखा जैन कुछ समझ पाती इससे पहले ही उन्होंने भी इसके बाद अपने कंगन और अंगुठी उतारकर युवकों को दे दिए. युवकों ने जेब से एक पेपर निकाला और उसमें जेवर लपेट कर रेखा जैन के पूजा वाले थैले में डाल दिया. इस पूरी घटना के बाद रेखा जैन उपासना करने के लिए मंदिर चले गई और जब मंदिर से उपासना कर वापस बाहर लौटी तो उन्हें अपने खाली हाथ अच्छे नहीं लग रहा थे तो उन्होंने जेवर पहनने का मन बनाया और अपने पर्स से उन्होंने वह कागज निकाला जिसमें बदमाशों ने जेवर बांधकर देने की बात कहीं थी. रेखा जैन बताती है कि जैसे ही उन्होंने कागज की पुड़िया खोली वह दंग रह गई. पुड़िया में सोने के जेवर की बजाए लोहे के कडे.थे. रेखा जैन के साथ दिन-दहाड़े हुई इस लूट की वारदात मंदिर के पास की ही एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. पीड़ित महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है. ज्ञात रहे कि जब युवक महिला से जेवरात मांग रहे थे तो मंदिर का एक कर्मचारी यह सब देख गेट तक गया लेकिन युवकों ने उसे फटकार लगाकर दुर भगा दिया.

कटंगी शहर में पहली बार हुई इस तरह की वारदात से सनसनी फैल गई. वहीं स्थानीय लोग इस घटना को पुलिस की नाकामी बताने में लग गए. जनचर्चा रही कि पुलिस की लापरवाही से चोरों, गुंडों, बदमाशों, धोखाधड़ी देने वाले आरोपियों के हौसलें इतने बुलंद हो गए है कि वह अपराध करने में अब बिल्कुल भी संकोच नहीं करते. शुक्रवार को दिन-दहाड़े हुई लूट की वारदात इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है. जनचर्चा चल रही है कि पुलिस संज्ञेय और असंज्ञेय दोनों ही तरह के अपराधों के पीड़ितों के साथ एक जैसा व्यवहार करती है. जानबुझकर अपराधों को छिपाने के लिए पीड़ितों की तरफ से एफआईआर दर्ज नहीं करती बल्कि पीड़ितों से आवेदन लेकर जांच का आश्वासन देते रहती है और फिर जांच के नाम पर पीड़ितों को कई दिनों तक परेशान और गुमराम किया जाता है. पुलिस की इस कार्यशैली से कई बार पीड़ित इतना अधिक हताश और परेशान हो जाता है कि फिर वह थाने के चक्कर काटना ही बंद कर देता है इस बीच आरोपी पुलिस कार्रवाई नहीं होने से इतना बेखौफ हो जाता है कि दूसरा अपराध करने के लिए तैयार होता है और फिर बड़ी घटना को अंजाम देता है।

## वाहन चोर गिरोह को पकड़ा, नाबालिग सहित 6 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों से बालाघाट और गोंदिया से चोरी की गई 9 बाइक्स बरामद की हैं।

कोतवाली थाना प्रभारी प्रकाश वास्कले ने बताया कि आरोपी बाइक का लॉक तोड़कर चोरी करते थे। वे चोरी की बाइक को ग्रामीणों को कम कीमत में बेच देते थे। इस पैसे से अपने महंगे मोबाइल और शौक पूरे करते थे।

पुलिस को पहला सुराग नाबालिग आरोपी से मिला। उसकी निशानदेही पर बालाघाट के इंदिरा नगर निवासी इमरान खान को पकड़ा गया। परसवाड़ा के अतुल बिसेन से 5 बाइक्स मिलीं। सुरभी नगर के आर्यन पाठक, दीनदयाल पुरम के सागर जांगड़े और तिरोड़ी के विकास रामटेके से 3 बाइक बरामद हुईं।

सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायिक रिमांड के दौरान पूछताछ से अन्य चोरियों का खुलासा हो सकता है। यह कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली कराहलिया के नेतृत्व में की गई। कोतवाली थाने की पूरी टीम इस ऑपरेशन में शामिल थी।

पोषण ट्रैकर पर इंट्री संतोषजनक नहीं, सीडीपीओ के रुकेगा वेतन

## अब 5 सीएचसी, 20पीएचसी और 148 एचडब्ल्यूसी एनक्वास के तैयारियों में जुटेंगे

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की जिला स्वास्थ्य समिति और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री मीना द्वारा जिला अस्पताल में एन्क्वास की तैयारियों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली गई। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए है कि जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों पर भी एन्क्वास के लिए आवश्यक प्रक्रिया अपनाकर आवेदन करें। उन्होंने निर्धारित मापदंड अनुसार जिले के 148 उप स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा 20 प्राथमिक स्वास्थ्य और 5 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एन्क्वास के तौर पर तैय्यारी प्रारम्भ की जाए। उन्होंने दोनों विभागों से कहा कि अच्छा काम करने से टीम का मोरल बढ़ता है उनमें आत्मविश्वास जागता है। इसलिए सभी समन्वय कर योजनाओँ में प्रगति लाएं। कलेक्टर श्री मीना ने जिला स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत आने वाले बिन्दुओ में दवाइयों की उपलब्धता, लेब जांच, ईएनसी पंजीयन, हाई रिस्क महिलाओं की पहचान, एनआरसी, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, एसएनसीयू, टीकाकरण, एनसीडी, टीबी और मलेरिया कार्यक्रम की समीक्षा की। वहीं महिला बाल विकास विभाग सीडीपीओ द्वारा आंगनवाड़ियों के भ्रमण, गर्भवती व धात्री महिलाओं की संख्या, पोषण ट्रैकर पर पंजीयन, चेहरा पहचान सिस्टम, टीएचआर सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी ली गई।

कलेक्टर श्री मीना ने जिले में हाई रिस्क महिलाओं की समीक्षा में प्रगति संतोषजनक नही पायी। इस पर उन्होंने सीएमएचओ डॉ. उपलव को निर्देश दिए है कि इसके लिए आवश्यक रूप से अभियान चलाए। जरूरत पड़ने पर जिला स्तर से भी डॉक्टर्स को लगाए। साथ ही इस अभियान में महिला बाल विकास को भी शामिल करे और सीडीपीओ की ड्यूटी भी लगाई जाए।

कलेक्टर श्री मीना ने सभी बीएमओ को 15 मार्च तक अनमोल पोर्टल पर ईएनसी का पंजीयन डेटा इंट्री करने को कहा है। उन्होंने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बीपीएम से स्क्रीनिंग में विशेष ध्यान देने के लिए कहा है। बच्चे स्क्रीनिंग से छूटने नही चाहिए, 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग करना जरूरी है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया, सीएमएचओ डॉ. परेश उपलव, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन, समस्त बीएमओ, सीडीपीओ और सुपर वाइजर मौजूद रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सीएमएचओ डॉ.परेश उपलव से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत एएनसी की प्रगति पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। चूँकि बीएमओ व सीडीपीओ के डेटा में बिल्कुल भी समानता नही है। वही कटंगी में एएनसी रजिस्ट्रेशन बहुत कम है। कलेक्टर श्री मीना ने एएनएम व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को डोर-टू-डोर जाकर एएनसी रजिस्ट्रेशन के लिए निर्देशित किया गया है।

## आलपाल प्रजाति की लकड़ी को वन विभाग ने किया जप्त



हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

वन परिक्षेत्र किरनापुर के अंतर्गत ककोड़ी बीट कक्ष क्रमांक पी/ 722 में साकरी टोला जाने वाले रास्ते पर पुलिया का निर्माण बालाघाट के ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है जहां ठेकेदार के सुपरवाइजर रमेश को रखा उसके द्वारा पुलिया निर्माण की देखरेख के लिए रखा है। पुलिया के दोनों और सेटिंग लगाई जाती है उसके लिए पास ही लगे शट कट्टा लकड़ी को छोटी-छोटी काटकर लगाया गया जिसको अनावश्यक रूप से इमारत की लकड़ी का रूप देकर वन विभाग को परेशान किया जा रहा है फिर भी फॉरेस्ट विभाग ने पुलिया निर्मा्ण में लकड़ी सेटिंग की सपोर्ट के लिए लिया गया जो-आलपाल प्रजाति की बल्लियो के छोटे-छोटे टुकड़े कर सेटिंग की सपोर्ट के लिए लगाया गया था जिसका वन विभाग द्वारा लकड़ी का नाप जोप कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा के अंतर्गत पी ओ आर क्रमांक 12742/ 20 ,6 मार्च 2025 को आरोपी रमेश मेट मुंशी पर कार्रवाई विभाग द्वारा की गई विभाग द्वारा इस क्षेत्र का निरीक्षण कर देखा जा सकता है कि उक्त स्थान पर कितनी अवैध कटाई की गई है दो वन समितियां के बीच आपसी मतभेद होने के कारण उक्त ककोड़ी बीट पर आरोप प्रत्यारोप लगाए जा रहेजो निराधार हैं।

### एसएसपी महाविद्यालय में सायबर सुरक्षा पर व्याख्यान माला का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. प्रवीण पन्द्रे के मार्गदर्शन एवं जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री प्रफुल्ल बिसेन की अध्यक्षता में गुरुवार को साइबर सुरक्षा पर व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रक्षा निकोसे के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपनिरिक्षक पुलिस थाना वारासिवनी श्री धर्मराज सिंह बघेल उपस्थित रहें।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं भरत मुलकराज गोनेकर पिता श्री मुलकराज गोनेकर निवासी वार्ड नं. 02, नीम टोला, घुनाड़ी, तह. व जिला बालाघाट (म.प्र.) का निवासी हूँ मेरे ड्राइविंग लायसेंस क्रं. MP50N-2018-0104387 में नाम भरत लाल गोनेकर दर्ज है जो कि गलत है, जबकि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम भरत मुलकराज गोनेकर दर्ज है जो कि सही व सत्य है।
अतः मेरे ड्राइविंग लायसेंस में भरत लाल गोनेकर की जगह भरत मुलकराज गोनेकर सुधार किया जाये एवं लिखा पढ़ा व जाना जाए।
भरत मुलकराज गोनेकर

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, एक युवक जिंदा जला, 4 गंभीर रूप से घायल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। जिसमें कार दुर्घटना में एक युवक जिंदा जलकर खाक हो गया, वहीं 4 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों ने बचाकर उपचार के लिए बालाघाट चिकित्सालय भिजवा दिया। जहॉ उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद उन्हें गोंदिया भेज दिया गया है।

घटना वारासिवनी विधानसभा के रामपायली थाना क्षेत्र के ग्राम पूनी के पास की है। शादी समारोह की खुशियों में शामिल होकर वापस लौटते युवा, तेज रफ्तार कार और इसी बीच अचानक सामने आए जंगली पशु ने उनकी खुशियों को ग्रहण लगा दिया। हादसा दिल को दहला देने वाला था, यदि ग्रामीण समय पर घटनास्थल पर नहीं पहुंचते, तो पांचों युवा जिंदा जल कर खाक हो गए होते। ग्रामीणों ने 4 युवकों को तो बचा लिया, लेकिन एक युवक को वह बचा नहीं पाए और वह जिंदा जलकर खाक हो गया।



यह दिलदहला देने वाला हादसा हुआ वारासिवनी क्षेत्र के रामपायली थाना अंतर्गत ग्राम मुरमाड़ी और पूनी के बीच 6 और 7 मार्च की रात्रि लगभग 3 से 4 बजे के बीच। पुलिस के अनुसार युवक छत्तीसगढ़ राज्य के भिलाई दुर्ग के निवासी है। जो ऑल्टो कार सी जी 04 एच बी 8408 से 6 मार्च को कटंगी मेंएक शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे। कार का चालक ग्राम पूनी निवासी जैतवार जी का भांजा है। दुर्ग भिलाई से आने के दौरान उन्होंने जैतवार के घर खाना खाया और फिर कटंगी शादी में शामिल होने चले गए थे।

शादी में शामिल होने के बाद वह सभी रात्रि में वापस दुर्ग भिलाई लौट रहे थे। जब वह ग्राम मुरमाडी व पूनी के बीच थे, तभी उनकी कार के सामने किसी जंगली जानवर के आ जाने से उसे बचाने के फेर में चालक का नियंत्रण कार से हट गया और कार सडक़ किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में कार में भीषण आग लग गई। कार के पेड़ से टकराने की भीषण आवाज को सुनकर आसपास रहने वाले ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए और उन्होंने जलती हुई कार के अंदर फॅसे हुए युवकों को बाहर निकालने का प्रयास किया। इस प्रयास में उन्होंने किसी प्रकार 4 युवाओं को कार से बाहर निकाल लिया, लेकिन दावानल बन चुकी कार से एक युवक को ग्रामीणजन निकाल नहीं पाए और वह कार के अंदर ही जलकर खाक हो गया।

ग्रामीणों ने झुलसे हुए घायल युवकों को तत्काल बालाघाट जिला चिकित्सालय उपचार के लिए भिजवाया और घटना की सूचना रामपायली पुलिस को दी। इस भीषण दुर्घटना में मृत युवक खमरिया दुर्ग भिलाई निवासी राकेश श्रीवास उम्र 24 वर्ष बताया जा रहा हैं। वहीं घायल युवकों में सत्या, कृष्णा साहू, विक्रम खांडे व श्लोक जोशी का बालाघाट में प्राथमिक उपचार के बाद उचित उपचार के लिए गोंदिया भेज दिया गया है।

**कार्या. ग्राम पंचायत हटटा, जप बालाघाट**

//आम सूचना//  नीलामी 18/03/2025

आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की स्थावर सम्पति साप्ताहिक बैटकी / मवेशी बाजार(निर्धारित दिन - शुक्रवार), सायकल स्टैण्ड (निर्धारित दिन - शुक्रवार), दैनिक गुजरी(प्रतिदिन) के फीस संग्रहण / पट्टा की नीलामी वर्ष 2025-26 के लिये 18/03/2025 दिन मंगलवार को समय प्रातः 10.30 बजे से ग्राम पंचायत कार्यालय हटटा में निर्धारित शर्तों के आधार पर किया जावेगा। नीलामी की शर्तें कार्यालीन समय में देखी जा सकती है। ठेके लेने वाले इच्छुक ठेकेदार नीलामी समय पर उपस्थित होकर एवं निर्धारित अमानत राशि 11.30 जमा कर बोली बोल सकते है। किन्ही कारणवश नीलामी स्थगित होने पर आगामी तिथि की सूचना ग्राम पंचायत भवन के सूचना पटल पर चस्पा कर / मुनादी कर की जावेगी।
आवश्यक शर्तें :-1. नीलामी बोली लगाने के पूर्व प्रक्षित कीमत की दस प्रतिशत राशि जमा करनी होगी।, 2. बोलीकर्ता द्वारा बोली पूर्व जमा की गयी अमानत राशि बोली समाप्ति के पश्चात तक बोलीकर्ता को वापस नही की जावेगी।, 3. नीलामी उपरांत सर्वाधिक बोलीकर्ता/ठेकेदार को पूर्ण राशि निर्धारित तीन किश्तों के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा ।, 4. बोलीकर्ता को पंचायत द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन, बोली लगाने के पूर्व फोटो परिचय पत्र एवं पता हेतू राशनकार्ड की, आधार कार्ड, वोटर आई डी. की स्व प्रमाणित छायाप्रति मोबाईल नंबर जमा करना अनिवार्य होगा ।

राजेन्द्र पिछोडे, सचिव ग्रा. पं. हटटा | वीरेन्द्र बिसेन, उपसरपंच ग्रा. पं. हटटा | उमेश सोनेकर, सरपंच ग्रा. पं. हटटा